






नवभारत 02
इंदौर, बुधवार, 7 जनवरी 2026

## एक नजर में

### नाराज व्यापारी संघ ने सौपा ज्ञापन

**रतलाम।** शहर के अनेक स्थानों पर बैठे जूते-चप्पल रिपेरिंग का कार्य करने वालो को गुमठी हटाने का नगर निगम का मौखिक सुचना मिलने से नाराजगी जाहिर की है। संत श्री रविदास समाज फुटपाथ व्यापारी संघ ने आज नगर निगम आयुक्त, शहर महापौर, जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा। व्यापारीयो ने जोन के आधार पर जगह देने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने ज्ञापन देते हुए बताया की हम सब अपने पुरखो से जूते-चप्पल रिपेरिंग का कार्य करते आ रहे है, जो कि न अतिक्रमण है, न ट्रॉफिक जाम हो रहा है। आपके अधिकारी अकारण 24 घंटे में गुमठी हटाने का मौखिक आदेश दे रहे है। जिससे मानसिक परेशानी हो रही है। जिससे हमें हमारे परिवार पल रहा है व और लोगो को सेवा कर रहे है। हमको वह बैठने की अनुमति दे। हमको शासन द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग म.प्र. शासन द्वारा सन् 1988 में 4 बाय 4 की गुमठी दी गई थी। नगर निगम द्वारा सन् 10/01/1987 को भी गुमठी प्रदान की गई थी जो अतिक्रमण में नहीं आती है। हमको एरिया वाईस झोन बनाकर 10-10 दुकानो हेतु स्थान निर्धारित कर व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में चांदनी चौक झोन, लोकेन्द्र टॉकीज, माणक चौक, शहर सराय, डालुमोदी बाजार, बाजना बस स्टेण्ड, अलकापुरी, रोडवेज बस स्टेण्ड, दो बत्ती, फुवारा चौक, स्टेशन रोड़ चौराहा जैसे स्थानों पर बैठने की व्यवस्था न हो तब तक हम जिस जगह पर बैठकर अपना व्यवसाय कर रहे है वहाँ से हटाया नहीं जावे। अगर जबरन हटाते है तो अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जवाबदारी शासन की होगी। नगर निगम अधिनियम में झोन वाईस व्यवस्था करने की अधिनियम में व्यवस्था की गई है, जो आज दिनांक तक पूर्ण नहीं हुई है।

### अभियान की भाजपा जिला टोली गठित

**रतलाम।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 संसद में पारित होने पर भाजपा जन जागरण अभियान चलाएगी। अभियान के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने जिला टोली का गठन किया है। टोली के जिला संयोजक भाजपा महामंत्री महेश सोनी को बनाया गया हे! टोली में जिला उपाध्यक्ष क्रांति जोशी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामसिंह सिसोदिया एवं जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी सहसंयोजक के रूप मे शामिल किये गये है। जिला सह मीडिया प्रभारी निलेश बाफना ने बताया की विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025, विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा मे एक क्रांतिकारी कदम है, जो मनरेगा की जगह लेकर ग्रामीण विकास को गति देगा। इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। इसमें रोजगार के दिन भी 100 से बढ़ाकर 125 किये गये है। भाजपा द्वारा जन जागरण अभियान के दौरान आमजन किसानों और कृषि श्रमिकों को सरल भाषा मे विधेयक की जानकारी दी जायेगी। अभियान के दौरान सम्मेलन, चौपाल, घर-घर संपर्क अभियान रैली, जनसम्पर्क एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

### 8 जनवरी को दुग्ध उत्पादन व मूल्य वृद्धि पर समीक्षा बैठक

**रतलाम।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी अधिकारी नवीन शुक्ला ने बताया कि कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिले में दुग्ध उत्पादन, दुग्ध मूल्य वृद्धि, दुग्ध नमूना जांच सहित अन्य संबंधित विषयों पर 8 जनवरी गुरुवार को प्रात: 11:30 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

### जनसुनवाई 81 आवेदन पर हुई सुनवाई

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन एवं एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 81 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदक रूगनाथ पिता फत्ता गामढ़ निवासी ग्राम बंबोरी ने आवेदन दिया कि आवेदक की वन भूमि तालाब निर्माण कार्य में चली जाने पर तथा मुआवजा न मिलने पर उक्त भूमि के स्थान पर दूसरी भूमि प्रदान करने हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु एसडीएम रतलाम को निर्देशित किया गया। आवेदक भूपेन्द्र व्यास निवासी पैलेस रोड़ रतलाम ने रतलाम महलवाड़ा के मुख्य मार्ग पर हरी घास बेचने वाले के द्वारा गंदगी फैलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु कमिश्नर नगर निगम को निर्देशित किया गया। पेंशनर कार्यालय जावरा की पार्किंग की शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदक अध्यक्ष जिला पेंशनर समाज शाखा जावरा एवं पेंशनर द्वारा आवेदन दिया गया। कार्यवाही हेतु एसडीएम जावरा को निर्देशित किया गया। आवेदक राधेश्याम पिता रामदास बैरागी ने विगत 20 वर्षो से शासन नियंत्रित देवस्थान श्री राम जानकी मन्दिर ग्राम बोरदा तहसील जावरा में पुजारी के रूप में कार्य का 27 माह का मानदेय भुगतान करवाने के लिए आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया।

### मालीपुरा में सीसी रोड निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ

**जावरा।** नगर पालिका परिषद द्वारा विधायक निधि एवं नगर पालिका निधि से स्वीकृत वार्ड 1 मालीपुरा में सीसी रोड निर्माण कार्य मंगलवार से प्रारंभ किया। जिसमें विधायक निधि से 3.56 लाख एवं नगर पालिका निधि से दोनो कार्य हेतु 7.88 लाख का व्यय होगा एवं उक्त स्थल पर ही सीसी एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व न.पा. अध्यक्ष मो. युसुफ कड़पा, उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, विधायक प्रतिनिधि अजयसिंह भाटी, सभापति (राजस्व) लोकेश विजवा, वार्ड पार्षद श्रीमती सोनु चन्द्रप्रकाश सोलंकी, पूर्व पार्षद नंदकिशोर महावर, घनश्याम सोलंकी, प्रेमचन्द धनोतिया, गोवर्धन पटेल, मूलचन्द गेहलोत, रमेश मोर्य, उकार सोलंकी, अनिल सोनी एवं उपयंत्री राजीव राव एवं प्रजाकार्य शाखा लिपिक हरेन्द्र सेमिल आदि उपस्थित थे।

# दूषित जल को लेकर मंत्री निवास घेरने जा रहे कांग्रेसी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** दूषित जल को लेकर मंगलवार को कांग्रेस ने सरकार को घेरा। सभी शहर में एकत्रित हुए काले गुब्बारें, तख्तियां, घंटा लेकर प्रदर्शन किया और जुलूस के रूप में मंत्री निवास के लिए जा रहे थे। रास्तें में पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को गिरफ्तार किया।

**काले गुब्बारें, तख्तियां और घंटा लेकर किया प्रदर्शन**

इंदौर में दूषित जल से मरने वाले लोगों और रतलाम में भी दूषित जल वितरण को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को घंटा बजाओ आंदोलन किया। कांग्रेस नेताओ ने शहीद चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। यहां से जुलुस बना कर केबिनेट मंत्री के घर ज्ञापन देने के लिए निकले। कांग्रेस नेता पैदल मार्च कर लोकेन्द्र टाकीज चौराहे पहुंचे, लेकिन वह भारी पुलिस बल तैनात था। पुलिस ने प्रदर्शनकारी नेताओ का रास्ता रोका और उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस वाहन में बैठा लिया। इस दौरान कुछ कांग्रेसी नेता पुलिस से बचकर दूसरे रास्ते से शहर विधायक चैतन्य काश्यप के घर ज्ञापन देने पहुंचे। लेकिन दिलबहार चौराहे पर भी भारी पुलिस बल तैनात था। पुलिस ने यहां भारी बेरिकेटिंग कर रास्ता रोक रखा था। यहां पहुंचे कांग्रेसी नेताओ को भी गिरफ्तार कर लिया गया।




**दिवंगत को दी श्रद्धाजंलि :** कांग्रेस नेताओं ने शहीद चौक पर एकत्रित हुए। यहां इंदौर जल त्रासदी में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**बेरिकेट्स लगाकर रास्ता रोका**



कांग्रेस नेताओ के प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। पुलिस द्वारा भारी बल लगाकर पहले से ही लोकेन्द्र टॉकीज और दिल बहार चौराहे पर बेरिकेट्स लगाकर रास्ता रोका गया था। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस अधिकारी एडिशनल एसपी राकेश खाखा, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, शहर के सभी थाना प्रभारी, शहर तहसीलदार ऋषभ ठाकुर सहित सीआईडी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



## स्वामी विवेकानंदजी के जीवन से प्रेरणा ले : गादिया

**रतलाम।** स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष में शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा सप्ताह के अंतर्गत सात दिवसीय कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने छात्राओं को विवेकानंद जी के विचारों, जीवन चरित्र एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान एवं प्रतिदिन उनके जीवन चरित्र के दो पेज पढ़ने के लिए प्रेरित किया। भारतीय जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष प्रीतेश गादिया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने छोटी सी उम्र में जो उपलब्धियां प्राप्त की है उनसे हमें प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। भारतीय जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष श्रीमती सुलोचना शर्मा ने रेड क्रॉस सोसाइटी के महत्व एवं कार्यों से अवगत करवाया। महाविद्यालय रेड क्रॉस सोसाइटी के संयोजक डॉ. मधु गुप्ता ने कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रथम स्थान कु. दीपिका कसेरा, द्वितीय स्थान कु. भाग्यश्री प्रजापत, तृतीय स्थान कु. मिताली कैथल रही। कार्यक्रम में डॉ. मानिक डांगी, डॉ सुनीता श्रीमाल, प्रो. वंदना नामदेव, प्रो. सुनीता जैन, प्रो. निशा निमावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सौरभ गुर्जर एवं आभार डॉ. रोशनी रावत ने माना।

## पोथी यात्रा के साथ प्रारंभ हुई नानी बाई का मायरा कथा

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** नगर के कस्तूरबा नगर गली नंबर 6 स्थित बगीचे में मनीषा-मनोज शर्मा मित्र मंडल द्वारा आयोजित नानी बाई का मायरा कथा का शुभारंभ मंगलवार को भव्य पोथी यात्रा के साथ हुआ। यह आयोजन 10 जनवरी 2025 तक चलेगा। कथा का वाचन प्रख्यात कथा वाचक पं. अनिरुद्ध मुरारी द्वारा किया जा रहा है।

प्रात: 11 बजे स्थानीय राम मंदिर से पोथी यात्रा प्रारंभ हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई कस्तूरबा नगर गली नंबर 6 स्थित कथा स्थल पर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में धर्मालु श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मार्ग में जगह-जगह पोथी का पुष्प वर्षा एवं श्रद्धा से स्वागत किया गया। कथा स्थल पर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा विधिवत पोथी पूजन किया गया। कथा के दौरान पं. मुरारी ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। महिलाओं एवं पुरुषों ने भक्ति नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पोथी पूजन में मुख्य जजमान मनीषा-मनोज शर्मा सपरिवार, मनोज शर्मा मित्र मंडल, भाजपा महिला मंडल, भाजपा पार्षदगण, पदाधिकारी तथा मनीष नगर महिला मंडल के सदस्यों ने भाग लिया। कथा के समापन पर सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। आरती में निगम अध्यक्ष मनीष मनोज शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, प्राचार्य डॉ. श्वेता विनचुरकर, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता कटारिया, प्रहलाद राठौड़, विप्लव जैन, प्रवीण सोनी, कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंत्री राजेंद्र पाटीदार, करण वशिष्ठ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कथा संयोजक श्रीमती मनीषा मनोज शर्मा ने बताया कि नानी बाई का मायरा कथा प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से प्रारंभ होगी।



**श्रद्धा, समर्पण से याद करने पर प्रभु स्वयं मान-सम्मान की रक्षा करते**

कथा के प्रथम दिवस पं. अनिरुद्ध मुरारी ने कहा कि नानी बाई का मायरा भक्तिरस, करुणा और परम विश्वास की अनुपम कथा है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य पूर्ण श्रद्धा और समर्पण भाव से प्रभु का स्मरण करता है, तब स्वयं भगवान उसके मान-सम्मान की रक्षा करते हैं। कथावाचक ने बताया कि मेवाड़ देश में निवास करने वाली नानी बाई भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं। निर्धन होने के बावजूद उनका जीवन भक्ति, सेवा और विश्वास से परिपूर्ण था। पुत्री के मायरे की परंपरा के समय साधनों के अभाव में उन्होंने श्रीकृष्ण को ही अपना भाई मानकर उनसे करुण पुकार की। यह कथा हमें यह संदेश देती है कि जहां मानव की सामर्थ्य समाप्त होती है, वहीं से ईश्वर की कृपा प्रारंभ होती है।

## पांच दिवसीय शिविर में बच्चों ने सीखें पारिवारिक संस्कार

नवभारत न्यूज

**सैलाना।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ तथा श्री सुधर्म जैन श्रावक संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय अणु आराधना भवन में आयोजित पांच दिवसीय धार्मिक संस्कार शिविर में छोटे छोटे बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

**धार्मिक संस्कार शिविर में छोटे छोटे बच्चों ने उत्साह पूर्वक लिया भाग**

शिविर में अपनी सेवाएं देने के लिये महाराष्ट्र के जलगांव से सुश्राविका सोनल ओस्तवाल, चोपड़ा से सुगना ओस्तवाल, मालेगांव से पायल गोलेच्छा द्वारा बच्चों को सामायिक, प्रतिक्रमण के अतिरिक्त मोबाइल का अधिक उपयोग किस प्रकार से हानिकारक है विषय पर समझाइश दी गई। साथ ही पारिवारिक संस्कार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां को बड़े ही अच्छे स्वरूप में समझाया।

इस शिविर के माध्यम से पांच दिनों में बच्चों की भाषा, अनुशासन और अनेक बदलाव महसूस किए गए। सोमवार को आयोजित शिविर के समापन अवसर पर श्री वर्धमान स्थानक वासी श्री संघ अध्यक्ष राजेश सियार, सुधर्म जैन श्रावक संघ अध्यक्ष विजय डोसी, श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, सुश्रावक बसंतीलाल संघवी, कांति लाल संघवी, करुण संघवी, इंद्रेश चंडालिया, प्रकाश वोरा, प्रकाश मेहता, विमल मांडोत अतिथि के रूप में मोजूद थे।



अतिथियों ने शिविर को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र से आए विद्वान श्राविकाओं द्वारा दी गई धार्मिक संस्कार और सेवा कार्य की प्रशंसा की। आपकी सेवाओं को श्री संघ हमेशा याद रखेगा क्योंकि इस प्रकार की गतिविधियां आने वाली पीढ़ी को सही राह दिखा सकती है। इस अवसर पर इस संस्कार की पाठशाला शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहन पुरुस्कार अतिथियों के हाथों प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा धार्मिक संवाद, गीत, नाट्य रूपांतर प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सकल श्री संघ के संदीप रांका, श्रेणिक लोढ़ा, पारस बाफना, सुनील सियार, मनोज भंडारी, मदन मांडोत, पियूष सालेचा, अशोक चौधरी, विमल कटारिया, विजय मांडोत, अरविंद संघवी, संतोष ओरा, निलेश मांडोत, अनिल पितलिया, तेजमल लोढ़ा, महिला श्राविकाओं में मंजू सियार, अंशु गेहलोत, विमला संघवी, रीता पितलिया, रीना मांडोत, श्रिया मेहता, पायल लोढ़ा, सरिता सुराणा, सुरभि मांडोत, सपना मोगरा सहित बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे। संचालन संजय मांडोत ने किया।





## प्रतिभा सम्मान समारोह में 2500 मेधावी होंगे सम्मानित

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में इस वर्ष करीब 2500 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन 10 जनवरी को बरबड़ विधायक सभागृह में होगा। इस संबंध में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें समिति के सर्व श्री शैलेंद्र डागा (पूर्व महापौर), निर्मल लुनिया, महेंद्र नाहर, सोना शर्मा एवं आनंद जैन उपस्थित रहे। फाउंडेशन अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप द्वारा नगर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। 93 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 121 मेधावी विद्यार्थी अतिथियों के साथ मंच साझा करेंगे। मेधावी विद्यार्थियों को अभिभावकों की उपस्थिति में रिस्ट वॉच एवं शील्ड से सम्मानित करेंगे। बच्चों के पुरस्कार के कूपन एवं अभिभावकों के निमंत्रण स्कूल पहुंचा दिए गए है। चेतन्य काश्यप फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2014 से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है। अब तक हजारों बच्चें इसमें सम्मानित हो चुके है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

## 5 दिवसीय संस्कार शिविर में 65 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

नवभारत न्यूज

**जावरा।** शासन दीपिका महासती चंचलकंवर मसा आदि ठाणा 7 के सानिध्य में सकल जैन समाज के बालक बालिकाओं के लिए पांच दिवसीय संस्कार शिविर परमार्थ विंटर आत्मा में इंटर का आयोजन किया गया। जिसमे 65 से अधिक बच्चों ने उत्साह पूर्ण भाग लिया।

**श्री साधुमार्गी जैन संघ द्वारा परमार्थ विंटर आत्मा में इंटर का किया आयोजन**

प्रतिदिन पांच सामायिक, मोबाइल का त्याग, सचित पानी का त्याग आदि अनेक प्रत्याख्यान बालक बालिकाओं ने ग्रहण किए। शिवर में बच्चों को प्रतिदिन प्रार्थना स्वाध्याय, आगम एक्टिविटी एवं विशेष ज्ञानवर्धक एवं रोचक धार्मिक विषय का अध्ययन कराया गया। शिविर समापन एवं पुरस्कार वितरणजैन पंचायती नोहरा पिपली बाजार पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय टंच बदनावर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विनोद मेहता राष्ट्रीय मंत्री, मनोज पीपाड़ा, शिविर संयोजक मध्य प्रदेश अंचल अतुल पगारिया, शिविर संयोजन मनीष पोखरना, कार्य समिति सदस्य मनीष ओस्तवाल मंत्री युवा संघ मध्य प्रदेश आंचल, संघ अध्यक्ष पंकज कांठेड़ की उपस्थिति मे मंगलाचरण के साथ किया गया। इस अवसर पर अनिल पावेचा, राजेश संघवी, अशोक छजलाणी, पुखराज कांठेड़, पारस, कांठेड़ विमल चपड़ोद, ललित पगारिया, अमृतलाल पगारिया, श्रेणीक चौहान, वीरेंद्र विनायका, विजय कांठेड़, शैलेंद्र मेहता, अनिल ओस्तवाल, चिराग कांठेड़, अजीत पगारिया, निलेश कांठेड़, विपिन पितलिया, भूपेंद्र पावेचा एवं समता महिला मंडल, संता बहू मंडल, युवा संघ एवं संघ के वरिष्ठ समाजजन एवं विभिन्न संघो के प्रतिनिधि एवं शिविरार्थियों के माता-पिता भी उपस्थित थे।



**इन्होने दी सेवाए**

शिविर के दौरान चंचल पटवा, आस्था पगारिया, रुचि नाहर, प्रीति धम्माणी, रचना पावेचा, सोनिया छजलाणी, मुस्कान पगारिया, रिद्धि पगारिया आंशि काठैड़ ने सराहनीय सेवा दी। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सेठिया एवं श्वेता खिंदावत ने किया। आभार पुखराजपटवाने माना।

## चालीस दिवसीय चालिहा साहिब महोत्सव का समापन

जावरा। सिंधी समाज द्वारा पूज्य चालीहा साहिब महोत्सव का समापन भरुच में श्री झूलेलाल मंदिर, मां नर्मदा घाट पर बहराणा साहिब का विजर्सन कर किया गया। पूज्य सिंधी पंचायत सामाजिक ट्रस्ट जावरा द्वारा श्री झुलेलाल भगवान के 26 वे वंशज परम पूज्य ठाकूर सांई मनीषलाल साहिब के आज्ञानुसार चालीस दिवसीय चालिहा साहिब महोत्सव 21 नवम्बर 2025 से 4 जनवरी तक मनाया गया, जिसमें प्रतिदिन प्रभात फेरी, झूलेलाल मंदिर में कथा, आरती, भजन-कीर्तनों के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाज के अलग-अलग परिवारों द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी सिंधी गुरुद्वारा जावरा से प्रारंभ होकर जावरा नगर क्षेत्र की कॉलोनी में स्वागत किया गया। समापन वाले दिन प्रभातफेरी की समाप्ति, पुज्य झुलेलाल भगवान की अमरकथा की समाप्ति, पूज्य बहराणा साहिब, अख्खा, आरती, पल्लव के पश्चात् भंडारा प्रसादी के पैकेट वितरित किए गए। इस मोके पर सभी सेवा प्रबंधकों का एवं बच्चों को पुरस्कार देकर स्वागत सम्मान किया गया।

**मांग** कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल की शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की मंगा

# पेयजल व्यवस्था को लेकर एसडीएम से मिले

नवभारत न्यूज

**जावरा।** कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी सुनिल जायसवाल से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था से अवगत करवाते हुए बताया गया कि इंदौर के भागीरथपुरा में क्षेत्र में शुद्ध पेयजल के अभाव में हुई दर्दनाक मानव त्रयोदशी ने हम सभी को अत्यंत व्यथित एवं चिंतित कर दिया है। शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। जावरा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव में जिन पेयजल टंकियां के माध्यम से जल वितरण किया जा रहा है उनकी साफ सफाई निर्माण के समय से आज दिनांक तक नहीं की गई है। कहीं 5 वर्ष कई 10 वर्ष तो कहीं 20 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है परंतु ना तो पानी की टंकियो की नियमित सफाई हुई और ना ही पेयजल की गुणवत्ता की कोई जांच करवाई। पूर्व में लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल शुद्धिकरण हेतु फिटकरी ब्लीचिंग पाउडर आलम आदि की जो व्यवस्था की जाती थी वह भी वर्तमान में समाप्त कर दी गई है। परिणाम स्वरूप कई गांव में अत्यधिक टीडीएस युक्त अथवा सीधे ट्यूबवेल का पानी बिना शुद्धिकरण टंकियों के माध्यम से सप्लाई किया जा रहा है। साथ ही कई गांव में पाइपलाइन लीकेज होने से गंदे पानी का रिसाव भी हो रहा है। ग्राम पंचायत के पास मेंटेनेंस एवं साफ सफाई शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु किसी प्रकार का पृथक से फंड उपलब्ध नहीं करवाता है, मजबूरन ग्रामीणजनों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। जावरा विधानसभा के कई गांव में स्थिति अति गंभीर बनी हुई है। पत्र में पिपलोदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्रसिंह चंद्रावत एवं विरेन्द्रसिह सोलंकी ने बताया कि कई गांव में पानी की टंकी नहीं होने से कुए से पानी की सप्लाई की जा रही है, बिना टेस्टिंग के ही पानी पी रहे हैं। जनपद पंचायत पिपलोदा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकलाना में कई वर्ष बनी हुई पानी की टंकी पूरी तरह से लीकेज एवं उसके ऊपर जाने के लिए सिडी पूरी तरह से टूटकर नीचे गिर गई है। जिससे पानी की टंकी की सफाई नहीं हो पा रही है, ग्राम पंचायत ने कई बार विभाग को पत्र लिखकर अवगत करवाया, आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। पानी की टंकी पूरी तरह से जर्जर होकर पानी लीकेज हो रही है।



### पत्र सौंप उचित कार्रवाई ही मांग

इसी तरह ग्राम रियावन मैं भी पानी की गुणवत्ता बहुत खराब है। पत्र देकर मांग की गई है कि जावरा विधानसभा के समस्त गांव में पानी की टंकियां की सफाई की जाए, कुएं में दवाई डाली जाए एवं समस्त टूटी-फूटी लाइनों की मरम्मत कर क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए। जिससे इंदौर जैसी हालत ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं हो एवं जनता को स्वच्छ एवं शुद्ध जल मिले। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी ने तुरंत उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।